# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा

(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

प्रथम तल्ला, ओ0बी0सी0 हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद मंडल इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा–852113

---

## स्मार पत्र

पत्रांकः– EFE/1754/16-17/443 दिनांक– 06/03/2017

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान,
मधेपुरा।

सेवा में,

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
बिहारीगंज/चौसा/गम्हरिया/घैलाढ़/ग्वालपाड़ा/कुमारखंड/मधेपुरा/सिंहेश्वर

विषय – विद्यालयों को शिक्षक अनुदान (टी0एल0एम0) की राशि उपलब्ध कराने हेतु विद्यालयवार शिक्षकों की संख्या उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक–237, दिनांक–02.02.2017 द्वारा विद्यालयों को शिक्षक अनुदान (टी0एल0एम0) की राशि उपलब्ध कराने हेतु विद्यालयवार शिक्षकों की संख्या उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया था, जिसके आलोक में अबतक पांच प्रखंड यथा आलमनगर/मुरलीगंज/पुरैनी/शंकरपुर/उदाकिशुनगंज से प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है शेष प्रखंड से प्रतिवेदन अप्राप्त है।

चूंकि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसी स्थिति में एक सप्ताह के अंदर राशि निर्गत किया जाना है। अतः आपको सख्त आदेश दिया जाता है कि दिनांक–11.03.2017 तक अनिवार्य रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध करा दें अन्यथा आपके प्रखंड के विद्यालयों को राशि नहीं भेजी जा सकेगी, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

6/3

(शिवशंकर राय)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान
मधेपुरा

# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा

(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

प्रथम तल्ला, ओ0बी0सी0 हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद मंडल इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा–852113

9

---

पत्रांकः– EFE/1754/16-17/......237 दिनांक– 02/02/2017

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान,
मधेपुरा।

सेवा में,

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
मधेपुरा जिला।

विषय विद्यालयों को शिक्षक अनुदान की राशि उपलब्ध कराने हेतु विद्यालयवार शिक्षकों की संख्या उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक राज्य परियोजना निदेशक के पत्रांक–356, दिनांक–24.01.2017 द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 का शिक्षक अनुदान की राशि उपलब्ध कराया गया है। प्रति शिक्षक 500.00 (पांच सौ) के दर से विद्यालयों को राशि भेजा जाना है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है कि विद्यालयवार कार्यरत शिक्षकों की संख्या एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करावें ताकि राशि भेजा जा सके। इस कार्य हेतु प्रतिनियोजित शिक्षकों की गिनती उसी विद्यालय में करें, जहां वे प्रतिनियोजित हैं।

विश्वासभाजन

(शिवशंकर राय)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान
मधेपुरा